प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



इजरायल का क्या अगला निशाना तुर्की होगा? पेज- 2

जिला कांग्रेस संगठन में हुआ फेरबदल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 108 | गुरुवार 09 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## बोलीं ममता बनर्जी, हम मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध में फिर से जाएंगे अदालत

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और



निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने का विरोध करने के लिए फिर से अदालत का रुख करेगी। ममता बनर्जी की यह टिप्पणी राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पूरा होने पर लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाये जाने के बाद आयी है। बनर्जी ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कवायद को लेकर अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाकर आप तृणमूल कांग्रेस को नहीं हरा पाएंगे। नाम हटाने के विरोध में हम फिर से अदालत जाएंगे। बनर्जी ने गत फरवरी में उच्चतम न्यायालय में दलीलें दी थीं, जिसमें उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 में कुल 7.66 करोड़ मतदाता थे, जिनमें से 90.83 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जिससे पता चलता है कि मतदाताओं का नाम हटाने का अनुपात 11.85 प्रतिशत से अधिक है। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, संविधान के अनुसार नामों को सूची में शामिल करवाने के लिए हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अगर लोग वोट नहीं डाल सकते, तो न्यायाधिकरण बनाने की क्या जरूरत है? और फिर आप कह रहे हैं कि सूची फ्रीज कर दी गई है। यह क्या है? हम इसे चुनौती देंगे और इसे समझने की कोशिश करेंगे। हुगली जिले के आरामबाग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने भाजपा पर मतदाता सूचियों में हेरफेर की कोशिश करने और मतदाताओं को लुभाने के लिए धन की पेशकश करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर लोगों को फोन पर धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, शनिर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। यह लोगों को फोन करके धमका रहा है और डरा रहा है। बाद में, उसी जिले के बालागढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने चेतावनी दी कि भाजपा को वोट देने का मतलब एक तरह से मछली, मांस और बांग्ला भाषा बोलने का त्यागष करना होगा। बनर्जी ने दावा किया, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे भाजपा शासित राज्यों में लोगों को अंडे, मछली या मांस खाने की अनुमति नहीं है। अगर भाजपा सत्ता में आती है तो यहां भी ऐसा ही होगा।

## मुद्रा योजना को पूरे हुए 11 साल

### पीएम मोदी ने आत्मनिर्भरता और युवा सशक्तिकरण पर दिया जोर

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री




मुद्रा योजना के 11 वर्ष पूरे होने पर कहा कि इस योजना ने युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर अपने संदेश में कहा कि 11 वर्ष पहले शुरू की गई यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बेहद लाभकारी सिद्ध हुई है। वर्ष 2015 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का उद्देश्य सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराना है, विशेषकर नए उद्यमियों और छोटे व्यवसायियों को ध्यान में रखते हुए। पीएम मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही अवसर मिलने पर लोग आत्मनिर्भर बन सकते हैं और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने अपने संदेश में एक संस्कृत श्लोक भी साझा करते हुए आत्मज्ञान, पहल, धैर्य और धर्म के प्रति प्रतिबद्धता के महत्व पर जोर दिया। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इस योजना ने लाखों छोटे उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है, जिससे अनौपचारिक उधारी पर निर्भरता कम हुई है और जमीनी स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सरकार आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को देश की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार के रूप में आगे बढ़ा रही है।

### अमेरिका-ईरान युद्धविराम का ऐलान, कच्चे तेल की कीमतें धड़ाम, 6 प्रतिशत की गिरावट

(एजेंसी) नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बाद वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच बुधवार को कच्चे तेल के वायदा भाव में तेज गिरावट आई और यह छह प्रतिशत लुढ़ककर निचले सर्किट स्तर पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंध का वायदा भाव 640 रुपये या छह प्रतिशत टूटकर 10,029 रुपये प्रति बैरल पर आ गया जो इसका निचला सर्किट स्तर है। इसी तरह मई में आपूर्ति वाला अनुबंध भी 565 रुपये या छह प्रतिशत फिसलकर 8,860 रुपये प्रति बैरल के निचले सर्किट स्तर पर पहुंच गया। तनाव कम होने से आपूर्ति बाधित होने की आशंकाएं घटने के बीच बाजार में तेज बिकवाली देखी गई। वैश्विक बाजारों में भी अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद तेल कीमतों में गिरावट आई। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है। यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के करीब पांचवें हिस्से के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है।

## निगला जा रहा फतेहपुर का कुंड तालाब’

### - नक्शों में झील, जमीन पर प्लॉटिंग की कहानी

नफीस जाफरी

फतेहपुर। शहर के बीचों–बीच स्थित ऐतिहासिक कुंड तालाब को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। वर्ष 2010 के सरकारी नक्शे और वर्ष 2025 की वर्तमान स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन साफ दिखाता है कि इस विशाल जलाशय पर सुनियोजित तरीके से अतिक्रमण किया गया है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि कभी यह कुंड तालाब किसी झील से कम नहीं था। दूर–दराज़ से लोग यहां पंछी देखने आते थे, विदेशी पक्षियों की चहचहाहट से शहर की रौनक बढ़ती थी और तालाब मछलियों से भरा रहता था, जहां शौकीन लोग मछली पकड़ने पहुंचते थे। आज वही तालाब सिमटता जा रहा है और अपनी पहचान खोता नजर आ रहा है। पुराने अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2010 तक यह पूरा क्षेत्र तालाब के रूप में दर्ज था और शहर की जल निकासी का प्रमुख आधार भी यही था। लेकिन वर्ष 2025 तक आते–आते स्थिति पूरी तरह



बदल गई। तालाब का बड़ा हिस्सा पाट दिया गया, जमीन को भरकर प्लॉटिंग कर बेचा गया और कई स्थानों पर मकान व नामी–गिरामी स्कूल तक खड़े हो गए। यदि वर्ष 1985 के नक्शों को देखा जाए, तो इस पूरे मामले में और भी बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं। 2010 से 2025 के बीच हुए बदलाव को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 1985 में तालाब का स्वरूप और भी अधिक विस्तृत रहा होगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक ओर लगातार तालाब की पुराई (पाटने का कार्य) 2026 तक जारी है, खासतौर पर पश्चिम दिशा में बड़े पैमाने पर तालाब पाटकर जमीन तैयार की गई, जबकि दूसरी ओर पूर्व दिशा में नाप–जोख के दौरान तालाब दर्शाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि जहां वास्तविक तालाब था, वहीं सबसे अधिक कब्जा हुआ है। मोहल्ला महाजरी और सैय्यदवाड़ा को लेकर भी विवाद गहराता जा रहा है। आरोप है कि इन क्षेत्रों की पुरानी आबादी की ओर तालाब दिखाया जा रहा है, जबकि यहां लोग 100 वर्षों से अधिक समय से निवास कर रहे हैं। साथ ही इन मोहल्लों में स्थित दरगाहें सैकड़ों वर्ष पुरानी बताई जाती हैं, जो इस क्षेत्र के लंबे समय से आबाद होने के प्रमाण मानी जा रही हैं। इसके बावजूद असली तालाब वाले हिस्से को प्लॉटिंग कर बेच दिया गया और उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। मौजूदा गूगल मैप के आधार पर जो तस्वीर सामने आ रही है, वह पूरी सच्चाई नहीं दिखा पा रही है। जानकारों का मानना है कि पुराने राजस्व अभिलेख, विशेष रूप से 1985 और 2010 के नक्शे, ही इस पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार न्यूज़ वाणी इस पूरे मामले में जल्द ही बड़े खुलासे करने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और नाम सामने आ सकते हैं, जिससे पूरे प्रकरण में हड़कंप मच सकता है। कुंड तालाब का समाप्त होना केवल जमीन का विवाद नहीं, बल्कि शहर के भूजल स्तर, जलभराव और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो इसके दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। यदि आप चाहते हैं कि आपके शहर की प्राकृतिक धरोहर सुरक्षित रहे, तो न्यूज़ वाणी को फॉलो करें और इस खबर को अधिक से अधिक साझा करें।

## मुख्यमंती रेखा गुप्ता ने व्यापार एवं कर विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईटीओ स्थित व्यापार एवं कर विभाग के दफ्तर का बुधवार को औचक निरीक्षण किया और कार्यालय समय के दौरान अधिकारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष जताया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपस्थित कर्मचारियों से बातचीत करते हुए, उन्होंने उनके आने के समय के बारे में पूछा और विभाग के



उपस्थिति रिकॉर्ड पर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी। गुप्ता ने कार्यालय के बुनियादी ढांचे की भी समीक्षा की और अधिकारियों से मरम्मत और रखरखाव के कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कार्यालय भवन में एक संकरे और जर्जर निकास द्वार की ओर इशारा करते हुए अधिकारियों से पूछा कि वे आग जैसी आपात स्थिति से कैसे निपटेंगे। गुप्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में औचक निरीक्षण की जानकारी देते हुए कहा, कार्यालय में समयबद्धता, स्वच्छता और व्यवस्थित कार्यसंस्कृति सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। लापरवाही, देरी या अनावश्यक जटिलता के लिए कोई स्थान नहीं होगा। उन्होंने कहा, व्यापार दिल्ली की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी प्राथमिकता है कि हर प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुगम हो, ताकि व्यापारी बिना किसी बाधा के अपने कार्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार हर विभाग में जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए, जनता और व्यापारियों को सहज, सरल और विश्वसनीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बांदा की मरका खदानों में मनमानी, फतेहपुर के जिम्मेदार अधिकारियों पर उठे सवाल

अभिनन्दन मोर्चा/नफीस जाफरी

फतेहपुर। बांदा जनपद की मरका खदान खंड संख्या 03 व 04 के संचालकों की कथित मनमानी के सामने फतेहपुर के जिम्मेदार अधिकारी नतमस्तक नजर आ



रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि एसटीएफ की कार्रवाई के बाद भी संबंधित विभागों की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार खनिज विभाग एवं परिवहन विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा खनन संचालकों को अभयदान दिए जाने की चर्चा है। जीपीएस वीडियो वायरल होने के बावजूद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना कई तरह के सवाल खड़े करता है। बताया जा रहा है कि मरका खदान खंड संख्या 03 व 04 पर खनन माफिया का दबदबा कायम है और ओवरलोड ट्रकों का संचालन बेखौफ जारी है। ये ट्रक यमुना नदी के रामनगर कौहन पुल से होते हुए फतेहपुर जिले के असोथर कस्बे के मुराइन डेरा मार्ग से गुजरते हुए प्रताप नगर झाल तिराहे तक बिना रोक–टोक संचालित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ओवरलोड वाहनों के कारण करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़कों की हालत तेजी से खराब हो रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि खदान संचालकों का प्रभाव इतना अधिक है कि प्रशासनिक तंत्र भी बेबस नजर आ रहा है। एसटीएफ की कार्रवाई के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता से जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले में कब तक सख्त कदम उठाता है या यूं ही स्थिति बनी रहती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- धर्म में अंधविश्वास क्या है

### -इसका फैसला करने का हमें अधिकार : सरकार का विरोध

(एजेंसी) नई दिल्ली। सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट अब धर्म के भीतर अंधविश्वास की परिभाषा तय करने के अधिकार क्षेत्र पर विचार कर रहा है। बुधवार को एक नौ–न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास है, यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र रखता है।यह टिप्पणी केंद्र सरकार की उस दलील के जवाब में आई, जिसमें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत इस मुद्दे पर फैसला नहीं कर सकती, क्योंकि न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं न कि धर्म के। मेहता ने तर्क दिया कि यदि कोई प्रथा अंधविश्वास मानी भी जाती है, तो यह तय करना अदालत का काम नहीं है, बल्कि



संविधान के अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत विधायिका का काम है कि वह सुधार कानून बनाए। उन्होंने कहा कि विधायिका किसी विशेष प्रथा को अंधविश्वास बताकर उसमें सुधार कर सकती है, जैसा कि जादू–टोना और अन्य ऐसी प्रथाओं को रोकने के लिए कई कानून बनाए गए हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने मेहता के इस तर्क को बहुत सरल बताते हुए कहा कि अदालत के पास यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र है कि कोई चीज अंधविश्वास है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बाद क्या होगा, यह विधायिका का काम है लेकिन अदालत में यह नहीं कहा जा सकता कि विधायिका का निर्णय ही अंतिम होगा। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने यह भी तर्क दिया कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत यह तय नहीं कर सकती कि कोई धार्मिक प्रथा केवल अंधविश्वास है, क्योंकि अदालत के पास ऐसी विद्वत्तापूर्ण क्षमता नहीं हो सकती। उन्होंने कहा श्आप (न्यायाधीश) कानून के क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, धर्म के नहीं। मेहता ने यह भी कहा कि नागालैंड के लिए जो धार्मिक हो सकता है, वह किसी और के लिए अंधविश्वास हो सकता है, क्योंकि समाज अत्यंत विविध है। इस पर न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यदि जादू–टोना को धार्मिक प्रथा का हिस्सा माना जाए, तो क्या उसे अंधविश्वास नहीं माना जाएगा? उन्होंने मेहता से पूछा कि यदि अदालत के पास अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिका आती है कि जादू–टोना की एक धार्मिक प्रथा मौजूद है, और विधायिका खामोश है, तो क्या अदालत श्खाली क्षेत्र के सिद्धांतश का उपयोग करके स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ऐसी प्रथा को प्रतिबंधित करने का निर्देश नहीं दे सकती? सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया कि न्यायिक समीक्षा की जा सकती है क्योंकि यह स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्थाश के अंतर्गत आता है, न कि इसलिए कि यह अंधविश्वास है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए कहा कि किसी आवश्यक धार्मिक प्रथा को निर्धारित करते समय, अदालत को उस विशेष धर्म की फिलॉसफी के लेंस से देखना चाहिए। उन्होंने कहा, श्आप किसी अन्य धर्म के विचारों को लागू नहीं कर सकते और कह सकते हैं कि यह आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। अदालत का दृष्टिकोण उस धर्म की फिलॉसफी को लागू करना है, जो स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन हो।

# सम्पादकीय

## सत्ता में अपनी पकड़ कमज़ोर नहीं करना चाहती है जदयू

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) में अंदरूनी कलह और संभावित टूट की अटकलें एक बार फिर तेज हो गई हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव इन दिनों केरल में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, वहीं इधर पार्टी के विधायक फैसल रहमान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर राजनीतिक गलियारों में नई हलचल पैदा कर दी है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह मुलाकात आगामी राजनीतिक समीकरणों की ओर इशारा कर सकती है। फैसल रहमान की नीतीश कुमार से हुई इस मुलाकात को साधारण शिष्टाचार भेंट मानने को विपक्ष तैयार नहीं है। खासकर ऐसे समय में जब बिहार की राजनीति लगातार उठापटक के दौर से गुजर रही है, इस मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।



नफीस जाफरी

सवाल उठ रहे हैं कि क्या आरजेडी के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है और क्या पार्टी टूट की ओर बढ़ रही है? गौरतलब है कि फैसल रहमान वही आरजेडी विधायक हैं, जिन्होंने हालिया राज्यसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में वोट नहीं किया था। उनके और कुछ अन्य विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने के कारण ही महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह को हार का सामना करना पड़ा था। इस घटनाक्रम ने उस समय भी गठबंधन की एकजुटता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। अब बात बिहार में एनडीए सरकार की तो गौरतलब है कि बिहार में सत्ता परिवर्तन की तैयारी के बीच जेडीयू और भाजपा के बीच लगातार बातचीत चल रही है। नई सरकार बनने से पहले सबसे बड़ा मुद्दा अब मंत्रियों के विभागों का बंटवारा बन गया है। सूत्रों के अनुसार, जेडीयू ने साफ कर दिया है कि भाजपा के मौजूदा मंत्रियों के सभी विभाग पहले जैसे ही दूसरे के खाते में नहीं जाएंगे। यानी नई सरकार में विभागों का केवल औपचारिक बदलाव नहीं होगा, बल्कि कई अहम विभागों में फेरबदल भी हो सकता है। दरअसल, जब सरकार में नेतृत्व बदलता है, तो विभागों का पुनर्गठन एक सामान्य प्रक्रिया होती है। लेकिन इस बार मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर बदलाव की चर्चा है। ऐसे में जेडीयू यह सुनिश्चित करना चाहती है कि मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी उसकी राजनीतिक पकड़ कमजोर न हो। इसलिए पार्टी चाहती है कि कुछ महत्वपूर्ण और असरदार विभाग उसके पास बने रहें। राजनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा चर्चा जिन विभागों को लेकर हो रही है, उनमें गृह विभाग, वित्त विभाग, सड़क निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख हैं। इन विभागों को सरकार के सबसे ताकतवर विभाग माना जाता है, क्योंकि इनसे सीधे कानून–व्यवस्था, बजट, विकास कार्य और जनता की रोजमर्रा की जिंदगी जुड़ी होती है। यही वजह है कि इन विभागों को लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान हो सकती है। गृह विभाग को लेकर खास तौर पर ज्यादा संवेदनशीलता मानी जा रही है। यह विभाग कानून–व्यवस्था और पुलिस प्रशासन से जुड़ा होता है, इसलिए राजनीतिक तौर पर बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसी तरह वित्त विभाग भी बेहद अहम माना जाता है, क्योंकि राज्य का पूरा बजट और खर्च इसी विभाग के जरिए तय होता है। सड़क निर्माण और ग्रामीण विकास जैसे विभाग विकास कार्यों और चुनावी राजनीति में बड़ी भूमिका निभाते हैं, इसलिए इन पर भी दोनों दलों की नजर है। सूत्रों का कहना है कि नई सरकार में कुछ मंत्रियों के विभाग बदले जाएंगे, ताकि सत्ता के भीतर नया संतुलन बनाया जा सके। यह भी संभव है कि कुछ नए चेहरे को नए विभाग दिए जाएं और पुराने मंत्रियों की जिम्मेदारियां बदली जाएं। इससे सरकार यह संदेश देना चाहेगी कि वह नई सोच और नई प्राथमिकताओं के साथ काम करने जा रही है। भाजपा की तरफ से भी यह कोशिश होगी कि अगर मुख्यमंत्री पद उसके पास आता है, तो उसके प्रमुख नेताओं को मजबूत और असरदार विभाग मिलें। वहीं जेडीयू यह चाहती है कि मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी उसकी भूमिका सरकार में मजबूत बनी रहे। इसलिए विभागों का बंटवारा दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा और शक्ति संतुलन का मुद्दा बन गया है। विभागों के बंटवारे से यह तय होगा कि सरकार में किस पार्टी का प्रभाव कितना रहेगा और फैसलों पर किसकी पकड़ ज्यादा होगी। बिहार में बनने वाली नई सरकार में मंत्रियों के विभागों को लेकर केवल औपचारिक बदलाव नहीं होगा, बल्कि कई अहम विभागों को लेकर जेडीयू और भाजपा के बीच कड़ा मंथन चल रहा है। आने वाले दिनों में यह साफ हो जाएगा कि गृह, वित्त, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग किस पार्टी के पास जाते हैं और इससे गठबंधन के भीतर शक्ति संतुलन किस दिशा में जाता है।

## पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की उठी मांग

### – भाकियू भूमि पुत्र ने सीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बेमौसम बारिश से जनपद के किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान के चलते भारतीय किसान यूनियन (भूमि पुत्र) के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसान यूनियन भूमि पुत्र के जिलाध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी ने अवगत कराया कि हाल ही में हुई असमय वर्षा से गेहूं सहित अन्य रबी फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। वहीं गंगा नदी में आई अचानक बाढ़ से गंगा कटरी में खड़ी फसल कद्दू, खीरा, तरबूज, ककड़ी, लौकी आदि पानी में डूब गई। जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट व कर्जदार हो गये है जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और उनकी आजीविका पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यूनियन के पदाधिकारियों ने मांग किया कि प्रभावित किसानों का शीघ्र सर्वे कराकर वास्तविक नुकसान का आंकलन किया जाए। उन्हें उचित व तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही, फसल बीमा योजना के अंतर्गत लंबित दावों का भी जल्द निस्तारण कराने की मांग उठाई गई। किसान नेताओं ने चेतावनी दिया कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। पदाधिकारियों ने एक स्वर में सरकार से किसानों के हित में त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर धनंजय पटेल, लालता प्रसाद दुबे, प्रेम सागर मिश्र, दिलीप कुमार, राजाराम, कल्लू, अजीत तिवारी, अनिल कुमार, विपिन कुमार साहू, नितेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# इजरायल का क्या अगला निशाना तुर्की होगा?



गुलफिशा खान

क्या अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग रोकने को लेकर सहमति बन रही है? पहले अमेरिकी मीडिया एक्सियोस के हवाले से खबर आई कि दोनों के बीच 45 दिनों का सीजफायर हो सकता है।यह खबर तब आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान डील के लिए तैयार नही होता है तो पूरे ईरान को उड़ा देंगे। वहीं बात इजरायल के अब संभावित दूसरे टारगेट की तो मालूम हो कि पश्चिम एशिया में इजरायल की भूमिका पर चर्चाएं अक्सर उस पर होने वाले हमलों और उनके जवाबों के इर्द–गिर्द घूमती हैं, लेकिन हाल के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि इजरायल केवल घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, बल्कि उन परिस्थितियों को भी तेजी से आकार दे रहा है, जिनमें ये घटनाएं घटित होती हैं. इसमें एक तरफ सीधे हस्तक्षेप शामिल हैं, जो पड़ोसी देशों की सुरक्षा और एकता को प्रभावित करते हैं, जैसा कि सीरिया और ईरान के प्रति उसकी नीतियों में देखा जा सकता है, और दूसरी तरफ क्षेत्रीय रिश्तों को इस तरह विकसित करना भी शामिल है, जो लगातार तनाव को बनाए रखते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये दो प्रक्रियाएं अलग होने के बावजूद परस्पर जुड़ी हुई हैं। साथ मिलकर ये इजरायल को अधिक रणनीतिक स्वतंत्रता और क्षेत्रीय स्थिति को दोबारा परिभाषित करने की क्षमता देती हैं। इजरायल अब पश्चिम एशिया में एक अधिक सक्रिय और आक्रामक .ष्टिकोण अपनाता दिख रहा है, जिसमें बल प्रयोग, चयनित सैन्य हस्तक्षेप, सुरक्षा साझेदारियां और राजनीतिक परिस्थितियों का प्रबंधन शामिल है। गाजा, लेबनान, सीरिया और अब ईरान का उदाहरण सबसे स्पष्ट है। सैन्य अभियान केवल तत्काल रणनीतिक लक्ष्यों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि शासन क्षमता, बुनियादी ढांचे और क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने में योगदान देते हैं। उद्देश्य सिर्फ दुश्मन को डराकर रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे हालात बनाए रखना भी है, जहां विरोधी देश या समूह कभी पूरी ताकत से उभर न सकें। यह रणनीति हमेशा तत्काल खतरों से जुड़ी नहीं होती, बल्कि यह उस वातावरण को प्राथमिकता देती है, जिसमें अगर विरोधी आपस में बंटे रहें और कमजोर स्थिति में हों, तो वे एकजुट होकर बड़ी चुनौती नहीं बन पाएंगे। इन घटनाओं का असर बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल में और बढ़ता है, विशेषकर अमेरिका के साथ





इजरायल के वर्तमान संबंधों के कारण, जो एकतरफा कार्रवाई में अधिक स्वायत्तता और राजनीतिक लागत कम करते हैं। एक अन्य रणनीति क्षेत्रीय स्तर पर विभाजन और तनाव बनाए रखने पर आधारित है, विशेषकर पूर्वी भूमध्यसागर में। इजरायल की यूनान और साइप्रस के साथ साझेदारियां गहरे सहयोग में बदल रही हैं, जो साझा तकनीक, खुफिया सहयोग, संयुक्त अभ्यास और सामरिक हितों पर आधारित एक एकी.त सुरक्षा ढांचा बनाती हैं। यूनान अब इजरायल के रक्षा उपकरणों– जैसे वायु रक्षा, निगरानी और ड्रोन युद्ध– को अपना रहा है. इससे दोनों देशों की सेना का समन्वय आसान होता है और इजरायल को क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के करीब लाता है। इजरायल ने तुर्की को भविष्य में एक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि ईरान युद्ध के बाद तुर्की चिंता का महत्वपूर्ण विषय बन सकता है। इससे यूनान और साइप्रस इजरायल के साथ मिलकर तुर्की के साथ समुद्री सीमाओं, ऊर्जा अन्वेषण और हवाई क्षेत्र पर विवादों में अधिक आक्रामक रुख अपनाते हैं। यह क्षेत्रीय .ष्टिकोण दो स्तर पर काम करता है। आंतरिक स्तर परः जब कोई देश कमजोर और असंगठित होता है, तो वह खुद ही अपनी ताकत को सीमित कर देता है और बड़े खतरे के रूप में उभर नहीं पाता, जबकि बाहरी स्तर पर जब क्षेत्र में विभाजन और आपसी मतभेद होते हैं, तो देशों के बीच मजबूत और स्थायी गठबंधन नहीं बन पाते। 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' में भी इसी प्रकार की रणनीति देखी जा सकती है। 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' पूर्वी अफ्रीका के उस सींग के आकार वाले प्रायद्वीप को कहते हैं, जो अरब सागर में सैकड़ों किलोमीटर तक फैला है। इसमें मुख्य रूप से सोमालिया, इथियोपिया, जिबूती और इरिट्रिया देश शामिल हैं। यह क्षेत्र भू–राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है और लाल सागर व अदन की खाड़ी के बीच स्थित हैं। इजरायल ने सोमालीलैंड को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी, जिससे बाब–एल–मेंडेब जलडमरूमध्य के पास एक नया राजनीतिक घटक उत्पन्न हुआ. एल–मेंडेब जलडमरूमध्य अरब प्रायद्वीप और अफ्रीका को जोड़ता है और लाल सागर तथा स्वेज नहर तक जाता है। इस कदम का प्रभाव सोमालिया में तुर्की के प्रभाव के साथ भी जुड़ता है, जहां तुर्की ने गहरे संबंध बनाए हैं और सैन्य एवं नौसैनिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन सोमालीलैंड एक अलगाववादी क्षेत्र है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नहीं है। इजरायल की ओर से मान्यता सोमाली तट के साथ नई तनावपूर्ण परिस्थितियां पैदा कर सकती है और उस समुद्री क्षेत्र को जटिल बना सकती है, जिसे तुर्की सुरक्षित बनाने में मदद कर रहा है। पूर्वी भूमध्यसागर की तरह, इसका उद्देश्य प्रत्यक्ष टकराव नहीं है, बल्कि एक जटिल क्षेत्रीय परि.श्य में खुद को स्थापित करना है, जिसमें नए घटक शामिल होते हैं। इजरायल की सुरक्षा नीति ऐतिहासिक रूप से बल, रणनीतिक स्वायत्तता और दबाव की क्षमता पर आधारित रही है। प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू के समय में ये विचार और अधिक विकसित और व्यावहारिक रूप से लागू हुए हैं। इस रणनीति के तहत, शांति केवल अस्थायी और पलटने योग्य स्थिति है, जबकि शक्ति और बल का उपयोग प्राथमिक और अकेला साधन माना जाता है। कमजोर देशों और विभाजित क्षेत्रीय परिस्थितियों के जरिये इजरायल ऐसी स्थिति बना रहा है जहां न देश पूरी तरह स्थिर हो सकते हैं, न ही गठबंधन. इस .ष्टिकोण से इजरायल का लाभ तनाव को नियंत्रित या प्रबंधित करने में है, न कि उन्हें हल करने में।

# "राजनीति में आने का मकसद जनसेवा होनी चाहिए"



शबाब हुसैन

महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से चुनकर आए नेताओं ने बी ते दिनों राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, केंद्रीय मंत्री व महाराष्ट्र की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के नेता रामदास अठावले, एआई एडीएमके के वरिष्ठ नेता थंबीदुरई व डीएमके के तिरुची शिवा जैसे वरिष्ठ नेता शपथ लेने वालों में शामिल रहे हैं। ये सभी नेता फिर से राज्य सभा के सदस्य बने हैं। शपथ समारोह का आयोजन राज्यसभा में ही आयोजित किया गया। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधा.ष्णन ने राज्यसभा कक्ष में सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। अब बात देश और महाराष्ट्र की राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले शरद पवार की तोएनसीपी प्रमुख शरद पवार ने चुनाव, पार्टी नेतृत्व, पारिवारिक फैसलों, संभावित पार्टी विलय और महाराष्ट्र की राजनीति से जुड़े कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने साफ किया कि राजनीति में आने का मकसद लोगों के लिए काम करना होना चाहिए और चुनाव को निर्विरोध कराए जाने की मांग लोकतांत्रिक नहीं है। पवार ने राज्यसभा जाने के फैसले, कांग्रेस के समर्थन और पार्टी विलय को लेकर हुई बातचीत का भी जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने अशोक खरात मामले में ढोंगी बाबाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे महाराष्ट्र की विचारधारा के खिलाफ बताया। शरद पवार ने अपने इजरायल दौरे से जुड़ा अनुभव साझा करते हुए खेती और तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता भी स्पष्ट की। स्वास्थ्य को लेकर बात करते हुए शरद पवार ने कहा कि अब तक वे हमेशा अपने पैरों पर चलते हुए आए हैं, लेकिन निमोनिया की वजह से एक महीना अस्पताल में भर्ती रहने और डेढ़घ्दो महीने बाद दिल्ली आने की वजह से उन्हें व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही पूरे राज्य का दौरा शुरू करेंगे। चुनावी प्रक्रिया पर शरद पवार ने कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा उम्मीदवार उतारना बिल्कुल भी गलत नहीं है। यह पार्टी का निर्णय और उनका अधिकार है, इसलिए इस पर अधिक चर्चा करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव को "निर्विरोध" होने देने की मांग करना गलत है और लोकतंत्र में चुनाव लड़ना है तो मुकाबला होना चाहिए, जैसे पहले सुनेत्रा पवार और सुप्रिया सुले के बीच चुनाव हुआ था। पारिवारिक और राजनीतिक फैसलों को लेकर शरद पवार ने कहा कि किसी भी नेता से बात करने की जरूरत नहीं है। राजनीति में लोगों के काम करने के लिए आना होता है. उन्होंने कहा कि अजित पवार लोगों के लिए सक्रिय थे और उनके प्रति सम्मान है, लेकिन दुर्भाग्यवश एक दुर्घटना में उनका निधन हो गया। पवार ने कहा कि परिवार में परंपरा रही है कि परिवार का मुखिया ही आगे की भूमिका तय करता है। आज परिवार के मुखिया के नाते यह जिम्मेदारी उनके पास है और उन्होंने तय किया था कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगे और न ही कोई उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वहां अगर उनका फोटो इस्तेमाल किया जाता है तो वह गलत है। राज्यसभा जाने के फैसले पर शरद पवार ने कहा कि जब उन्होंने राज्यसभा जाने का निर्णय लिया था, तब कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया। पार्टी विलय को लेकर उन्होंने बताया



कि उनकी ओर से जयंत पाटिल और अजित पवार इस विषय पर चर्चा कर रहे थे। अजित पवार की आकस्मिक मृत्यु के बाद यह चर्चा रुक गई। उन्होंने कहा कि अब तक 5घ्6 दौर की बातचीत हो चुकी थी और इसकी पूरी जानकारी उन्हें दी गई थी। भविष्य में विलय होगा या नहीं, इस पर उन्होंने कहा कि यह आज नहीं कहा जा सकता। पार्टी नेतृत्व पर शरद पवार ने कहा कि पार्टी का नेतृत्व जिसके पास होता है, अधिकार भी उन्हीं के पास होते हैं। पार्टी किसके हाथों में सौंपनी है या किसके साथ चलानी है, यह निर्णय लेना नेतृत्व का अधिकार है। पार्थ पवार के बयान पर उन्होंने कहा कि राजनीति में एक प्रकार की परिपक्वता की आवश्यकता होती है और उनमें वह कितनी है, यह वे आज नहीं बता सकते। अशोक खरात मामले पर टिप्पणी करते हुए शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में इन दिनों ढोंगी बाबाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। एक तरफ शाहूघ्फुलेघ्आंबेडकर के प्रगतिशील विचारों की बात की जाती है और दूसरी तरफ जनप्रतिनिधि ऐसे बाबाओं के पास जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह महाराष्ट्र की विचारधारा के बिल्कुल विपरीत है। पवार ने कहा कि आज महाराष्ट्र में खरात बाबा के साथघ्साथ एक और नया बाबा सामने आया है। उन्होंने कहा कि किसने कितने फोन किए, इसमें कई बड़े नाम शामिल हैं और राजनीति व समाज में ऊंचे पदों पर बैठे लोग भी इसमें हैं। यह स्थिति महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा के लिए बिल्कुल भी शोभनीय नहीं है। अपने इजरायल दौरे का जिक्र करते हुए शरद पवार ने कहा कि वे एक प्रतिनिधिमंडल के साथ इजरायल गए थे और वहां उन्होंने स्पष्ट किया था कि उनकी रुचि वहां की खेती और तकनीक को समझने में है। उन्होंने बताया कि उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने भी इजरायल आने की इच्छा जताई थी। पवार के अनुसार, उनके प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के मुख्यमंत्री शामिल थे और यह दौरा विशेष रूप से खेती और .षि संरक्षण पर आधारित था. उन्होंने कहा कि उस समय मोदी ने उनसे कुछ दिन और रुकने की विनती की थी, जिसके लिए उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री से अनुमति ली थी और अनुमति मिल गई थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पश्चिमी बंगाल अग्नि परीक्षा?

अजय दीक्षित

23 और 29 अप्रैल को होने वाले पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष महत्व रखते हैं इन चुनावों की उतनी ही अहमियत है जितनी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव की होती है बल्कि उससे इस मायने में अधिक है कि भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी बंगाल में अटलविहारी वाजपई के समय से जनाधार जुटाने में लगी है। अटलजी के मंत्री परिषद में तपन सिकदर पहली बार राज्य मंत्री 1999 में बने थे।तब से भारतीय जनता पार्टी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा है।2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 04 सीट मिली थी लेकिन 2016 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 03 सीट मिली पर वोट शेयर 10 फीसदी था ।तब पश्चिमी बंगाल में सीपीएम, कांग्रेस दूसरे और तीसरे स्थान पर थी ।तृणमूल कांग्रेस सत्ता में बैठी और ममता बनर्जी दूसरी बार मुख्यमंत्री बनी। उस के बाद पश्चिमी बंगाल के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को गंभीरता से लिया और 2019 लोकसभा चुनाव में

भाजपा को 39 फीसदी वोट और 42 में से 18 सीट मिली थी सीपीएम,कांग्रेस का एक एक सांसद चुना गया था यही से भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी बंगाल यात्रा शुरू हुई।सीपीएम का वोट शेयर मात्र 8 फीसदी पर आ गया और कांग्रेस का 03 फीसदी।2024 के लोकसभा और 2021 विधानसभा चुनाव में 77 विधायक जीतकर आए।वोट शेयर 39 फीसदी मिला । उल्लेखनीय यह रहा कि नंदीग्राम से भारतीय जनता पार्टी के नेता सुबेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हरा दिया। इन चुनावों में ममता बनर्जी ने बंगाल अस्मिता का मुद्दा उठाया और वह कामयाब रहा था लेकिन इस बार भाजपा ने रणनीत बदलकर ममता बनर्जी की सरकार को केंद्रित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव की अपने हाथ में ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता, मुर्शिदाबाद की रैली में राज्य के विकास, महिलाओं की स्थिति, सरकार का भ्रष्टाचार, तृणमूल कांग्रेस की मनमानी,को मुख्य रूप से उठाया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव बहुत मायने रखता है। पश्चिमी बंगाल से 2029 लोकसभा चुनाव का रास्ता निकलेगा। भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाहता कि 2029 में भाजपा अकेले दम पर 350 सीट जीते उसके लिए पश्चिमी बंगाल में 42 लोकसभा सीट पर भी उनकी नजर है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, और विद्या भारती,बनवासी कल्याण परिषद,सेवा भारती, संस्कृत भारती,आदि बुनियादी संगठनों का फैलाव भी इस विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। पश्चिमी बंगाल में अवैध मुस्लिम, बांग्लादेशी घुसपैठ,सीमांत प्रदेश होने के कारण सामरिक विषय भी मुख्य मुद्दा है। चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि अगर भारतीय जनता पार्टी 43 से 45 तक वोट शेयर करती है तो उसे पूर्ण बहुमत मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी का एक तबका चाहता है कि तुड़मूल के हिंदू समर्थक अगर जरा भी चेते तो बंगाल में सत्ता परिवर्तन करने से कोई रोक नहीं सकता। दूसरी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एस आई आर को मुख्य मुद्दा बनाया है। लेकिन इस मुद्दे हवा निकल रही है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने उनके अनुरोध को स्वीकार न्यायाधीश को काम पर लगाया है।मालदा में कुछ मुस्लिम ने उन पर ही हमला कर दिया है।अबकी बार चुनाव आयोग भी विशेष तैयारी से चुनाव कराने जा रहा है।उसने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा लगाया और उसकी देखभाल अनुविभागीय अधिकारी करेगा ।दो चरणों होने वाले चुनाव में बेहिसाब अर्धसैनिक बलों की तैनादगी की गई है। कोलकाता से प्रकाशित टाइम्स ऑफ इंडिया में

शीतल पाल सिंह कहते हैं कि इस बार के चुनावों में ममता बनर्जी उतनी कॉन्फिडेंट नहीं है।वे कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी बहुमत आई तो राज्य का बुनियादी ढांचे बदलेगा । तपन दास गुप्ता जो बंगाल के प्रमुख प्रकाशित बंगाल टाइम्स में कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के लिए यह अच्छा है कि सीपीएम, कांग्रेस का कोई विशेष असर नहीं है लेकिन यह भी है कि मुस्लिम मतों का विभाजन नहीं हो रहा है जिससे ममता बनर्जी को लाभ होगा लेकिन इन पार्टियां के हिंदू समर्थक भारतीय जनता पार्टी को वोट देंगे। सुप्रसिद्ध चुनाव विशेषज्ञ यशवंत देशमुख का कहना है ममता बनर्जी की तुड़मूल सरकार से महंगाई, असुरक्षा, महिलाओं के उत्पीड़न से खुश नहीं है लेकिन ममता बनर्जी अभी भी सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं।असुदुद्दीन ओवेशी की पार्टी भी मुस्लिम वोट लेकर चौंका सकती है।कुछ भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अग्नि परीक्षा है ।

# कृष्ण चंद्र रामचंद्र इंटर कॉलेज में लोगों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुक्ल बाजार, अमेठी। स्कूल चलो अभियान के तहत क्षेत्र के .ष्ण चंद्र रामचंद्र इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह किया




गया जिसमें क्षेत्रीय लोगों को पुष्प माला से सम्मानित किया गया। प्रबंधक श्रीनारायण तिवारी द्वारा क्षेत्रीय लोगों को स्कूल चलो अभियान जागरूकता अभियान के तहत अवगत कराया गया कि विद्यालय मे अच्छी शिक्षा व्यवस्था के तहत विद्यालय हर पथ पर कार्य कर रहा है और करता रहेगा। 31 मार्च को प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार पांडे सेवानिवृत्त हो गए। उसके बाद प्रधानाचार्य के पद पर अंजनी कुमार को पदभार दिया गया है। प्रधानाचार्य अंजनी कुमार ने कहा कि विद्यालय के लिए हर पथ पर कार्य करते रहेंगे और क्षेत्रीय लोगों से मिलकर विद्यालय के विकास को अग्रसर पद पर चलते रहेंगे। इसी बीज विद्यालय की नीव रखने वाले स्वर्गीय उमाशंकर तिवारी को याद किया गया। पूर्व विधायक राधेश्याम कनौजिया अध्यापक अनूप तिवारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा प्रबंधक अंकित सिंहा अध्यापक राहुल पांडे अध्यापक विक्रमादित्य तिवारी राम जी तिवारी सूबेदार मिश्रा दिलीप बनर्जी धर्मेंद्र यादव दुर्गा प्रसाद शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कैमूर पुलिस का बड़ा एक्शन : पशु तस्करी का पर्दाफाश, तीन कटेनर जब्त

## – पुलिस को देखते ही तस्कर मौके से फरार, गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



दुर्गावती–कैमूर। जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पशु तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई लिंक रोड स्थित छाता नहर के समीप की गई, जहां से पशुओं से लदे तीन कंटेनर बरामद किए गए। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दुर्गावती के रास्ते बड़े पैमाने पर पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर मोहनिया डीएसपी के नेतृत्व में दुर्गावती थाना प्रभारी गिरीश कुमार सहित भारी पुलिस बल ने मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस की भनक लगते ही तस्कर कंटेनरों को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने तीनों कंटेनरों की तलाशी ली, जिसमें कुल 125 मवेशी बरामद किए गए। दुर्गावती थाना प्रभारी गिरीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन कंटेनरों से 125 मवेशी बरामद किए गए हैं। इस मामले में कंटेनर मालिक एवं चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है तथा आगे की कार्रवाई जारी है।

# संविदा कर्मियों के समर्थन में उतरे सांसद

## – 15 दिन में समाधान न हुआ तो आंदोलन होगा तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। बिजली विभाग के संविदा कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना–प्रदर्शन उस समय और तेज हो गया, जब कांग्रेस सांसद राकेश राठौर उनके समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे। शहर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में चल रहे इस प्रदर्शन में शामिल होकर सांसद ने कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके हक की आवाज बुलंद की। पिछले कई दिनों से आंदोलनरत संविदा कर्मियों का कहना है कि उन्हें हड़ताल के दौरान तीन दिनों का वेतन नहीं मिला, साथ ही पहचान पत्र (आई कार्ड) और अन्य जरूरी सुविध ााओं का भी अभाव है। इन समस्याओं के चलते उन्हें आर्थिक और कार्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरना स्थल पर पहुंचे सांसद राठौर ने कर्मियों से बातचीत कर उनकी मांगों को जायज बताया और अधिकारियों से तत्काल समाधान की बात कही। इसके बाद उन्होंने अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर सभी समस्याओं को विस्तार से रखा। अधीक्षण अभियंता ने सांसद को आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर सभी मांगों के निस्तारण के लिए कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सांसद ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मात्र 9 हजार रुपये में किसी परिवार का भरण–पोषण संभव नहीं है और सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। सांसद ने यह भी मांग उठाई कि संविदा कर्मियों को होने वाली शारीरिक और आर्थिक क्षति का उचित मुआवजा दिया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कर्मियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपने हक की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।



# युवाओं को अग्निवीर व कमीशन अधिकारी भर्ती की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। उ0प्र0 एनसीसी बटालियन के सहयोग से थल सेना भर्ती कार्यालय बरेली के नायब सूबेदार संजय कुमार द्वारा क्षेत्र के गांवों में युवाओं एवं कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से अग्निवीर भर्ती के साथ–साथ कमीशन अधि ाकारी बनने के विभिन्न अवसरों की भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को अग्निवीर भर्ती के लिए आवश्यक दस्तावेज, चयन प्रक्रिया, सैलरी पैकेज, चयन प्रतिशत एवं आगामी भर्तियों में आरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अग्निवीर भर्ती में आयु सीमा लगभग 17 से 22 वर्ष निर्धारित है। अभ्यर्थियों के लिए शैक्षिक योग्यता के अनुसार विभिन्न श्रेणियां निर्धारित हैं, जैसे जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क एवं ट्रेड्समैन।



इसके साथ ही, फोटो में दर्शाई गई जानकारी के अनुसार युवाओं को भारतीय सेना में कमीशन अधिकारी बनने के विभिन्न प्रवेश मार्गों की भी जानकारी दी गई। इसमें एनडीए, 102 तकनीकी एंट्री, सीडीएस, एनसीसी स्पेशल एंट्री, एसएससी तथा जज एडवोकेट जनरल जैसे विकल्प शामिल हैं। इन सभी के लिए अलग–अलग आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता एवं चयन प्रक्रिया निर्धारित है, जिसकी जानकारी विस्तार से दी गई। नायब सूबेदार संजय कुमार ने युवाओं को बताया कि सेना में भर्ती के लिए शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, मानसिक .ढ़ता एवं नियमित तैयारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारतीय सेना में सेवा करना गर्व की बात है और यह देश सेवा का सर्वोच्च अवसर प्रदान करता है। इस दौरान उन्होंने युवाओं को आगामी भर्ती रैलियों एवं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए तैयार रहने तथा आधिकारिक वेबसाइट से समय–समय पर जानकारी प्राप्त करते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने सेना में भर्ती होने के प्रति उत्साह व्यक्त किया और देश सेवा के लिए संकल्प लिया। इस जागरूकता अभियान से क्षेत्र के युवाओं में सेना के प्रति रुचि एवं जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

# गर्भवती महिला की मौत के बाद नवजीवन हॉस्पिटल भी सील, डॉक्टरों पर केस दर्ज

## - अटरिया बाबा मिष्ठान के पीछे ही नहीं नीलगांव रोड व अन्य मार्गो पर भी संचालित अवैध क्लीनिक

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया/सिधौली, सीतापुर। सिधौली क्षेत्र में अटरिया की गर्भवती महिला की मौत के मामले ने पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए एक के बाद एक कार्रवाई करते हुए दो निजी अस्पतालों को सील कर दिया है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। किंतु अब भी अटरिया कस्बे सहित क्षेत्र में कई क्लीनिक में धड़क संचालित किया जा रहे हैं जैसे की अटरिया के बाबा मिष्ठान के पीछे संचालित क्लीनिक भी लोगों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। वही नीलगांव रोड स्थित डॉक्टर संतोष के नाम से मशहूर व्यक्ति के द्वारा भी बेधड़क लोगों का उपचार किया जा रहा है यह तो सिर्फ वाणी है जब क्षेत्र में बहुत से अस्पताल संचालित हैं जिन्हें रोकने रोकने वाला कोई नहीं है। शायद ऐसे अस्पताल संचालकों के द्वारा जब किसी की जान चली जाएगी तब प्रशासन इन अस्पतालों पर कार्यवाही की ढोल पिटेगा। बता दें कि मामला अटरिया क्षेत्र के निवासी विवेक शुक्ला की पत्नी मानसी की मौत से जुड़ा है। परिजनों के अनुसार, मानसी का गर्भपात किंग अस्पताल में कराया गया था। आरोप है कि प्रक्रिया के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे विसवां मार्ग स्थित नवजीवन क्लीनिक ले गए, लेकिन वहां भी इलाज में सुधार नहीं हुआ। अंततः परिजन उसे लखनऊ लेकर गए, जहां इलाज के दौरान मानसी ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार की शिकायत पर प्रशासन हरकत में आया। पहले मिश्रीख मार्ग स्थित किंग अस्पताल को सील किया गया और वहां के दो डॉक्टरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद बुधवार को एसडीएम राखी वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने नवजीवन क्लिनिक पर भी ताला जड़ दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि




दोनों ही स्थानों पर इलाज के दौरान मानक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। बिना पर्याप्त सुविधाओं और विशेषज्ञता के गर्भपात जैसे संवेदनशील इलाज किए जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बाद सिध ौली और आसपास के क्षेत्रों में चल रहे अवैध क्लिनिक संचालकों में दहशत का माहौल है। कई जगहों पर अचानक क्लिनिक बंद भी देखे गए हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि बिना पंजीकरण और आवश्यक संसाध ानों के चल रहे क्लिनिकों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# स्वास्थ्य अधिकारियों की सह में चल रहे मौत के क्लीनिक

## - मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहा अवैध इलाज का काला खेल
## - बिना डिग्री के बने डॉक्टर ग्रामीणों की जिंदगी से करते खिलवाड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, अटरिया। जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र में अवैध क्लीनिकों का जाल तेजी से फैलता जा रहा है, जहां बिना किसी वैध ा डिग्री और अनुमति के लोगों की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर की आड़ में संचालित ये क्लीनिक न केवल प्राथमिक इलाज कर रहे हैं, बल्कि गंभीर ऑपरेशन तक करने से भी पीछे नहीं हट रहे। सबसे चौंकाने वाला मामला अटरिया के मानव चौराहे का है, जहां अंसारी मेडिकल स्टोर के पीछे बने कमरों में बाकायदा बेड लगाकर मरीजों को भर्ती किया जाता है। यहां मरीजों को इंजेक्शन लगाने, ग्लूकोज चढ़ाने और यहां तक कि छोटे–बड़े ऑपरेशन करने तक की बातें सामने आ रही हैं। इसी तरह पटुहिया गांव के पास सड़क किनारे भी खुलेआम तख्त और बेचों पर मरीजों को लिटाकर इलाज किया जा रहा है। बिना किसी मेडिकल मानक के ग्लूकोज और इंजेक्शन चढ़ाना यहां आम बात बन चुकी है। अटरिया कस्बे



shutterstock.com · 185350787

के अंबरपुर चौराहा और बाबा मिष्ठान के पीछे भी एक कथित राजू डॉक्टर वर्षों से मेडिकल स्टोर के साथ–साथ हर बीमारी का इलाज करने का दावा कर रहा है। ग्रामीणों की मानें तो यह व्यक्ति ऑपरेशन तक कर देता है, जिससे कई बार मरीजों की हालत बिगड़ जाती है। यही हाल अटरिया–नील गांव मार्ग पर स्थित एक अन्य संतोष नामक कथित डॉक्टर का भी है। वहीं समान चौराहा और भगवतीपुर चौराहा पर आधा दर्जन से अधिक ऐसे फर्जी क्लिनिक संचालित हो रहे हैं, जहां पहुंचते ही मरीजों का खून निकालकर जांच के नाम पर खेल शुरू हो जाता है। कुछ दिन पहले अटरिया निवासी विवेक शुक्ला की पत्नी की मौत ने इस पूरे नेटवर्क की सच्चाई उजागर कर दी। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान पेट में औजार छूट जाने से संक्रमण हुआ, जिसके बाद लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामला इतना गंभीर हुआ कि स्वास्थ्य विभाग को मजबूरन दो अस्पतालों को सील करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग केवल उन्हीं मामलों में कार्रवाई करता है जो सामने आ जाते हैं। जबकि क्षेत्र में दर्जनों अवैध क्लिनिक सालों से संचालित हैं। अगर समय रहते इन पर सख्त कार्रवाई होती, तो शायद कई निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सकती थी। बिना डिग्री के इलाज, असुरक्षित ऑपरेशन और गलत दवाओं के इस्तेमाल से मरीजों की जान पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। जागरूकता की कमी और सस्ते इलाज के लालच में ग्रामीण इन मौत के सौदागरों के जाल में फंसते जा रहे हैं।

# तूफान व मूसलाधार बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर

## - गेहूं की फसल बर्बाद, किसानों ने डीएम से मांगा मुआवजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सिधौली तहसील क्षेत्र में असमय आए भीषण तूफान और मूसलाधार वर्षा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में तैयार खड़ी और कटी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, जिससे क्षेत्र के किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित किसानों ने जिलाधिकारी से तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मामला थाना अटरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत अकबरपुर रीवान, पोस्ट रायपुर देवसिंह सहित आसपास के गांवों का है, जहां अधिकांश लोगों की आजीविका .षि पर निर्भर है। इस समय किसान गेहूं की फसल की कटाई कर रहे थे और कई किसानों की फसल कटकर खेतों में पड़ी थी, जबकि कई खेतों में फसल कटाई की तैयारी चल रही थी। इसी बीच अचानक आए तेज तूफान और भारी बारिश ने पूरी फसल को खेतों में गिरा दिया और पानी भर जाने से गेहूं खराब हो गया। किसानों का कहना है कि वर्ष भर की मेहनत और उम्मीदें एक ही रात में खत्म हो गईं। कई किसानों की कटी हुई फसल पानी में भीगकर सड़ने की स्थिति में पहुंच गई है, जबकि खड़ी फसल भी तेज हवा से जमीन पर गिर गई है। इससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। प्रभावित किसानों ने जिलाधि ाकारी को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि राजस्व और .षि विभाग की टीमों को तत्काल गांवों में भेजकर फसल क्षति का स्थलीय सर्वे कराया जाए और सभी प्रभावित किसानों को सरकारी नियमों के अनुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। किसानों का कहना है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो परिवारों के सामने भरण–पोषण का संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मानवीय .ष्टिकोण अपनाते हुए जल्द से जल्द राहत पैकेज घोषित करने की अपील की है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम के कारण खेती करना पहले से अधिक जोखिम भरा हो गया है। ऐसे में सरकार को प्रा.तिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लिए तत्काल सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसान इस मुश्किल दौर से उबर सकें।

# हर घर तक पीएनजी पहुंचाने के लिए जिला समिति सक्रिय

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। कलक्ट्रेट सभागार में घरेलू उपभोक्ताओं को पाइपलाइन




के माध्यम से रसोई गैस (पीएनजी) की आपूर्ति बढ़ाए जाने के संबंध ा में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों ने संबंधित विभागों द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की और योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि शहरी एवं अर्ध–शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक घरों को पाइपलाइन गैस से जोड़ा जाए, जिससे लोगों को सुरक्षित, सस्ती और सुविधाजनक गैस आपूर्ति मिल सके। साथ ही गैस कनेक्शन प्रक्रिया को सरल बनाने, लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा कार्यों में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पाइपलाइन गैस योजना से न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कपूर मार्केट के सामने निर्माणाधीन साइट फिर चर्चा में

## – सआदतगंज निवासी ने दर्ज कराई शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। थाना चौक क्षेत्र स्थित विक्टोरिया स्ट्रीट पर कपूर मार्केट के सामने एक निर्माणाधीन साइट एक बार फिर सुर्खियों में है। सूत्रों के अनुसार इस प्रोजेक्ट को लेकर पहले भी कई तरह की चर्चाएं सामने आई थीं, जिनमें कथित रूप से कुछ नौकरशाहों की काली कमाई निवेश होने की बात कही जा रही थी। बताया जाता है कि कुछ समय पहले मामला चर्चा में आने के बाद यहां निर्माण कार्य रुक गया था। स्थानीय स्तर पर भी इसको लेकर सवाल उठाए गए थे। हालांकि अब एक बार फिर से इस साइट पर काम शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक, बेसमेंट की खुदाई पूरी कर ली गई है और उस पर स्लैब भी डाली जा चुकी है इसी बीच इस मामले में नया मोड़ तब आया जब सआदतगंज क्षेत्र के निवासी मोहम्मद कामिल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने दावा किया है कि उक्त जमीन उनकी पुश्तैनी संपत्ति है, जिस पर कथित रूप से धोखाधड़ी करते हुए उनके एक भाई ने एक बिल्डर के साथ एग्रीमेंट कर अवैध निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। सूत्रों का कहना है कि यदि शिकायत की निष्पक्ष जांच होती है, तो इस मामले में न केवल पारिवारिक विवाद बल्कि अवैध निर्माण और संभावित मिलीभगत के पहलू भी सामने आ सकते हैं फिलहाल यह पूरा मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस पर क्या कार्रवाई करते हैं। क्या शिकायत के आधार पर निर्माण कार्य पर कोई रोक लगती है या नहीं।

# विजिलेंस का शिकंजा, 20 हजार की घूस लेते डीपीआरओ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के बीच विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विकास भवन में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) रिजवान अहमद को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी अधिकारी को 20 हजार रुपये लेते समय गिरतार किया गया। बताया जा रहा है कि एक पंचायत सचिव ने विजिलेंस विभाग से शिकायत की थी कि उसका एक जरूरी कार्य लंबे समय से लंबित है और उसे निपटाने के लिए संबंधित अधिकारी द्वारा 50 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद टीम ने मामले की जांच की और फिर जाल बिछाकर कार्रवाई की। योजना के तहत शिकायतकर्ता से जैसे ही आरोपी अधिकारी ने पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये लिए, पहले से घात लगाए बैठी विजिलेंस टीम ने तुरंत दबिश देकर उसे पकड़ लिया। मौके से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। इस कार्रवाई के बाद विकास भवन में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच चर्चा का दौर शुरू हो गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। विजिलेंस की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है, जिससे अन्य अधिकारियों में भी खौफ का माहौल बना है।

# क्रॉसिंग बंद करने पर भड़के किसान, झलरा में बढ़ा तनाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। हाईवे निर्माण को लेकर ग्राम झलरा में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। सड़क निर्माण लगभग पूरा होने के बावजूद गांव के सामने न तो अंडरपास बनाया गया और न ही स्थायी क्रॉसिंग दी गई, जिससे ग्रामीणों और किसानों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण शुरू होने से पहले पीएनसी कंपनी के अधिकारियों ने गांव के सामने क्रॉसिंग देने का भरोसा दिलाया था, लेकिन अब काम पूरा होने के करीब है और कंपनी अपने वादे से मुकरती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि 7 अप्रैल की रात करीब 11 बजे कंपनी के कर्मचारी बिना किसी सूचना के बनी हुई क्रॉसिंग को बंद करने पहुंच गए। इसकी भनक लगते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और विरोध शुरू कर दिया। बढ़ते दबाव के बीच कर्मचारियों को काम रोकना पड़ा। यह मार्ग नगीना से नजीबाबाद होते हुए हरिद्वार हाईवे को जोड़ता है और करीब 40 गांवों के दो लाख लोगों की आवाजाही इसी पर निर्भर है। किसानों के लिए यह रास्ता फसल की ढुलाई का मुख्य जरिया है, ऐसे में क्रॉसिंग बंद होने से बड़ी दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि यदि जल्द ही क्रॉसिंग या अंडरपास की व्यवस्था नहीं की गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर पीएनसी कंपनी को झलरा के सामने क्रॉसिंगध अंडरपास बनाने के निर्देश देने की मांग की है।

# 27 ग्राम स्मैक व बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकार मिहीपुरवा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र भारत नेपाल बार्डर ग्राम बलईगांव के पास चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त सोनू पाल पुत्र गेंदा राम पाल निवासी ग्राम नहकटिया थाना को0 देहात को 27 ग्राम स्मैक व एक अदद मोटर साईकिल टीवीएस राईडर के साथ गिरतार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 125/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजी.त कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# परिषदीय स्कूल मिर्जापुर में बच्चों संग निकाली रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

रामगांव–बहराइच। बुधवार को परिषदीय प्राथमिक विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिर्जापुर के समस्त उपस्थित बच्चो और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से गांव गांव पहुचकर सभी 06 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों के अभिभावकों से जन संपर्क करके प्रत्येक बच्चे का नामांकन कराने का अनुरोध किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सूफिया बेगम, कंचन गुप्ता, रेनू मौर्या, उमा सोनी, ममता मुंजाल, हरेन्द्र सिंह, अनिल वर्मा, नीलम सिंह व निरंकार मौर्य प्रधान प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहें।

# चिकित्सक भर्ती हेतु 16 अप्रैल को होगा दस्तावेजों का सत्यापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जनपद बहराइच में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संचालित रिक्त संविदा चिकित्सकों (ए.बी.बी.एस.) के पद पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार से पूर्व दस्तावेज सत्यापन (डी.वी.पी.) का कार्य सीएमओ कार्यालय के धनवन्तरी सभागार में 16 अप्रैल को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक किया जायेगा। सीएमओ डॉ. कुमार ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन हेतु गठित डी.वी.पी. कमेटी में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.के. वर्मा, एन.एच.एम. के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक व जिला लेखा प्रबन्धक को सदस्य नामित किया गया है।

# उसिया खास हाल्ट पर अनारक्षित टिकट सेवा आठ मार्च से ठप

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। दिलदारनगर दिल्ली हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर उसिया खास हाल्ट पर अनारक्षित टिकट सेवा पिछले एक माह से ठप है। टेंडर समाप्त होने के कारण यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे वे बिना टिकट यात्रा करने को मजबूर हैं। यह हाल्ट केवल पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव के लिए है। यहां से यात्री पटना और बनारस तक के अनारक्षित टिकट खरीदते थे। रेलवे द्वारा यहां अनारक्षित टिकट बेचने का ठेका दिया जाता है। ठेकेदार दिलदारनगर स्टेशन से कंप्यूटरी.त अनारक्षित टिकट लाकर पटना और




बनारस के बीच विभिन्न स्टेशनों के लिए यात्रियों को बेचता था। हालांकि, 8 मार्च से टेंडर समाप्त होने के बाद से टिकट मिलना बंद हो गया है। टिकट न मिलने से यात्रियों को यात्रा करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय उसिया गांव निवासी परवेज खां, सरफुद्दीन खां, हेसामुद्दीन खां, मास्टर फैयाज और फिरोज जैसे स्थानीय निवासियों ने बताया कि एक माह से टिकट न मिलने के कारण उन्हें बिना टिकट यात्रा करनी पड़ रही है। ठेकेदार सरफराज खाँ ने पुष्टि की कि उनका टेंडर 8 मार्च को समाप्त हो गया था, जिसके बाद दिलदारनगर से टिकट मिलना बंद हो गया। उन्होंने बताया कि दोबारा टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर ही टिकट उपलब्ध हो पाएंगे। स्थानीय लोगों ने रेलवे अधिकारियों की निष्क्रियता पर भी नाराजगी व्यक्त की है, जो स्थिति से अवगत होने के बावजूद खामोश हैं।

# फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र योजनाओं के लिए अनिवार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। भारत सरकार द्वारा भविष्य में प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त उन्हीं किसानों को प्रदान की जाएगी जिनके फार्मर आई डी पहचान पत्र जारी कर दिए गए हो। राज्य सरकार द्वारा भी .षि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई इत्यादि विभागों की लाभार्थी परक योजनाओं का क्रियान्वयन किसान पहचान पत्र के आधार पर किया जाएगा वर्तमान में उर्वरकों का वितरण पोस मशीनों के माध्यम से आईएफएमएस इंटीग्रेटेड फर्टिलाइजर मैनेजमेंट सिस्टम के द्वारा किया जाता है। मई 2026 से यह वितरण फार्मर रजिस्ट्री किसान पहचान पत्र के आधार पर ही किया जाएगा और इसके लिए .षि विभाग तथा भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर आईएफएमएस पोर्टल को एग्रीस्टेक पोर्टल से जोड़ा जाएगा .षि विभाग की समस्त लाभार्थी परक योजनाओं में फार्मर रजिस्ट्री की मदद से लाभार्थियों का चयन करने हेतु .षि विभाग अपने पोर्टल को 1 मई 2026 तक तैयार कर लेगा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली समस्त खरीद में तत्काल प्रभाव से फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र को अनिवार्य करते हुए उन्हीं किसानों से खरीद की जाएगी जिनके पास फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र होंगे । जिलाधिकारी गाजीपुर श्री अविनाश कुमार ने किसान भाइयों से अपील की है कि 6 अप्रैल से प्रारंभ फार्मर रजिस्ट्री के विशेष सघन अभियान में आपकी ग्राम पंचायत में जो कैंप आयोजित किए जा रहे हैं वहां अपने मोबाइल, आधार कार्ड, खतौनी के साथ अवश्य पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। साथ ही अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों को भी इसके संबंध में अवगत कराते हुए किसान पहचान पत्र बनवाए जिससे कि आप योजनाओं का पूर्व की भांति लाभ प्राप्त करते रहें।

# थाना कालिंजर व एसओजी टीम के हत्थे चढ़ा ईरानी गैंग का एक सदस्य

## - कालिंजर में सर्राफा दुकान पर टप्पेबाजी कर घटना को दिया था अंजाम
## - अभियुक्त की निशादेही पर लगभग 09 लाख रुपए के चोरी के आभूषण बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नरैनी .ष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार को थाना कालिंजर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी, लूट, टप्पेबाजी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह ईरानी गैंग के एक सदस्य को गिरतार कर लिया गया। गौरतलब हो कि 05 जनवरी 2026 को थाना कालिंजर के रहने वाले ब्रजनन्दन द्वारा थाना कालिंजर पर सूचना दी गई कि उनकी सरार्फ की दुकान पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोने के गहने दिखाने को कहा और एक पीस खरीदने का बहाना कर बातों में उलझाकर काउंटर पर रखे डिब्बे से सोने के जेवरात निकालकर चोरी कर भाग गए। सूचना पर प्राप्त तहरीर के




आधार पर थाना कालिंजर पर अभियोग पंजी.त करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की पहचान व शीघ्र गिरतारी हेतु कई टीमों को लगाया था। वैज्ञानिक एवं तकनीकि माध्यमों से जांच एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र द्वारा लगाए गए कैमरों से निकाले गए सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से अभियुक्तों की पहचान की गई व यक्ष ऐप के माध्यम से अभियुक्तों की पुष्टि की गई। जिसके क्रम में पुलिस द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति खानू हुसैन पुत्र फरजन्द अली निवासी ग्राम बुरहार जनपद शहडोल (म0प्र0) को पूछताछ हेतु थाना लाया गया। कड़ाई से पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अपने अन्य साथियों जुबेर अहमद, तकवीर खान एवं सरताज अली उर्फ तरू के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में विभिन्न जनपदों/राज्यों में ज्वैलर्स की दुकानों को निशाना बनाकर चोरी व टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देता है। संदिग्ध ने बताया कि 04 जनवरी 2026 को उक्त साथियों के साथ कस्बा कालिंजर में एक सर्राफा दुकान पर टप्पेबाजी कर जेवरात चोरी किए गए थे। उसने यह भी बताया कि घटना के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा पीछा किए जाने पर अभियुक्तगण द्वारा चोरी किए गए जेवरात को कालिंजर से आगे एक मंदिर के पीछे जमीन में छिपा दिया गया था, जिसे बाद में लेने की योजना थी। पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि गिरोह का एक सदस्य जुबेर अहमद वर्तमान में भोपाल पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है तथा अन्य साथी तकवीर खान व सरताज उर्फ तरू फरार हैं। इस कारण हम लोग यहाँ से चोरी का माल नही ले जा पाये थे। अभियुक्त की निशांदेही पर पर्यटक ढाबा के आगे दुर्गा माता मंदिर के पीछे से भारी मात्रा में पीली धातु के आभूषण बरामद किए गए। गिरोह के अन्य अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास किए जा रहें हैं व आपराधिक गतिविधियों की जांच की जा रही है जिसके क्रम में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी कब्जे से 06 गले का मंगलसूत्र लॉकेट (पीली धातु), 06 गले की मंखी (पीली धातु), 2 नाक की नथ बेसर (पीली धातु), 07 जोड़ी कान की बाली (पीली धातु), 03 जोड़ी कान की बाली कांटा (पीली धातु), 01 जोड़ी कान की बिजली टाप्स (पीली धातु), 1 जोड़ी गले की बच्चों वाली चांद (पीली धातु), 02 गले की हाय (पीली धातु), 27 गले की मंचली लॉकेट (पीली धातु) बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त खानू हुसैन ईरानी पुत्र फरजन्द अली नि0 टिकरी टोला थाना बुरहार जनपद शहडोल (म0प्र0) के विरुद्ध मु0अ0सं0 04/26 धारा 305(ए), 318(4), 317(2), 11(4) बीएनएस थाना कालिंजर में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली टीम में प्र0नि0 कालिंजर सुखराम, प्रभारी एसओजी आनन्द कुमार, उ0नि0 रणजीत बहादुर, उ0नि0 प्रदीप कुमार सोनी, हे0कां0 अश्वनी कुमार, कां0 अंकित मलिक, कां0 अमित त्रिपाठी, कां0 प्रतीक यादव शामिल रहे।

# फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र योजनाओं के लिए अनिवार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। भारत सरकार द्वारा भविष्य में प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त उन्हीं किसानों को प्रदान की जाएगी जिनके फार्मर आई डी पहचान पत्र जारी कर दिए गए हो। राज्य सरकार द्वारा भी .षि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई इत्यादि विभागों की लाभार्थी परक योजनाओं का क्रियान्वयन किसान पहचान पत्र के आधार पर किया जाएगा वर्तमान में उर्वरकों का वितरण पोस मशीनों के माध्यम से आईएफएमएस इंटीग्रेटेड फर्टिलाइजर मैनेजमेंट सिस्टम के द्वारा किया जाता है। मई 2026 से यह वितरण फार्मर रजिस्ट्री किसान पहचान पत्र के आधार पर ही किया जाएगा और इसके लिए .षि विभाग तथा भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर आईएफएमएस पोर्टल को एग्रीस्टेक पोर्टल से जोड़ा जाएगा .षि विभाग की समस्त लाभार्थी परक योजनाओं में फार्मर रजिस्ट्री की मदद से लाभार्थियों का चयन करने हेतु .षि विभाग अपने पोर्टल को 1 मई 2026 तक तैयार कर लेगा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली समस्त खरीद में तत्काल प्रभाव से फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र को अनिवार्य करते हुए उन्हीं किसानों से खरीद की जाएगी जिनके पास फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र होंगे । जिलाधिकारी गाजीपुर श्री अविनाश कुमार ने किसान भाइयों से अपील की है कि 6 अप्रैल से प्रारंभ फार्मर रजिस्ट्री के विशेष सघन अभियान में आपकी ग्राम पंचायत में जो कैंप आयोजित किए जा रहे हैं वहां अपने मोबाइल, आधार कार्ड, खतौनी के साथ अवश्य पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। साथ ही अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों को भी इसके संबंध में अवगत कराते हुए किसान पहचान पत्र बनवाए जिससे कि आप योजनाओं का पूर्व की भांति लाभ प्राप्त करते रहें।

# मोहम्मदाबाद में विजिलेंस की कार्रवाई पर रहस्य

## - इंस्पेक्टर ने जानकारी देने से किया इनकार, उपखंड अधिकारी भी रहे अनजान

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के मोहम्मदाबाद नगर क्षेत्र में बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे विजिलेंस टीम द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ अचानक अभियान चलाया गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। टीम के पहुंचते ही लोग अपने–अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए और कार्रवाई को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बताया जा रहा है कि विजिलेंस टीम गाजीपुर से आई थी और इंस्पेक्टर उदयभान मिश्रा के नेतृत्व में नगर के विभिन्न स्थानों पर जांच की गई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि किन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई और क्या परिणाम रहा। मौके पर जब विजिलेंस इंस्पेक्टर उदयभान मिश्रा से यह जानने की कोशिश की गई कि आखिर किस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है, तो उन्होंने साफ तौर पर किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पत्रकार को कोई जानकारी नहीं दी जा सकती। इसके तुरंत बाद मौके पर ही पत्रकार द्वारा उपखंड अधिकारी अमित कुमार राय को मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क किया गया और उनसे पूछा गया कि मोहम्मदाबाद नगर क्षेत्र में विजिलेंस टीम द्वारा किस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। इस पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। एक तरफ विजिलेंस टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही थी और दूसरी तरफ स्थानीय प्रशासन के स्तर पर भी इसकी कोई जानकारी नहीं होने से स्थिति पूरी तरह रहस्यमयी बनी रही। यही कारण रहा कि मौके पर मौजूद लोगों के बीच



इस कार्रवाई को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं। लोगों में यह बात प्रमुख रूप से उठती रही कि टीम आई तो है, लेकिन कार्रवाई किस पर हुई और क्या किया गया, यह किसी को नहीं बताया जा रहा है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि अगर कार्रवाई पारदर्शी होती तो इसकी जानकारी खुलकर सामने आती। फिलहाल, विजिलेंस की इस कार्रवाई ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अभाव में पूरा मामला संदेह के घेरे में नजर आ रहा है और नगर क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर इस कार्रवाई की असल सच्चाई क्या है।

# कांग्रेसी नेत्री मोहसिना किदवई को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्टेशन रोड में आज कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई के निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दुःख व हार्दिक संवेदना प्रकट करते हुए अपनी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके दुःखद निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का आज बुधवार को निधन हो गया। उनका जन्म 01 जनवरी 1932 को छावनी मोहल्ला स्थित गणेश राइस व दाल मिल में हुआ था, उनका बांदा से आजीवन आत्मीय लगाव रहा। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवम् उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी थीं। बताते चलें कि मोहसिना किदवई पूर्व केंद्रीय मंत्री रही हैं। वह कांग्रेस की कद्दावर नेता रही हैं। 94 वर्ष की पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का निधन नोएडा के मेट्रो अस्पताल में आज बुधवार सुबह हुआ है। पूर्व मंत्री के दामाद रजीउर रहमान किदवई का कहना है कि वह उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं। उन्होंने राजीव गांधी की सरकार में महत्वपूर्ण विभागों को संभाला था। कई बार लोकसभा ही नहीं राज्यसभा की सदस्य भी रह चुकी हैं। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी में शोक की लहर है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई जी ने राजीव गांधी की सरकार में महत्वपूर्ण विभाग संभाले। आज निजामुद्दीन के कब्रिस्तान में शाम करीब 5रू30 च्ड बजे उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम है। शोक सभा में जिला महासचिव शोएब रिजवी, जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, राजबहादुर गुप्ता, इरफान खान सभासद, अशरफ उल्ला खान रम्पा, छेदीलाल धुरिया, लालबाबू राजपूत, के पी सेन, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी, अली बख्श, सैय्यद वारिस अली सहित अनेकों कांग्रेस जनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




# पांच लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं अवैध शराब की तस्करी व तस्करी करने वाले अपराधियो की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस




अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नैतृत्व में उ0नि0 अजय कुमार थाना रूपईडीहा मय पुलिस बल द्वारा बुधवार को चकिया जंगल 03 कि0मी दक्षिण से एक नफर अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद सोनकर पुत्र सुन्दर सोनकर निवासी प्रहलाद गांव थाना रूपईडीहा को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरतार किया गया। बरामदगी व गिरतारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 75/2026 धारा 60 पंजी.त किया गया एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही किया गया।

# कक्षा आठ पास छात्रों का नामांकन कराएं : डीआईओएस

## – राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। नवीन शैक्षणिक सत्र के संदर्भ में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के समस्त प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों का बैठक राजकीय सिटी इंटर कॉलेज के राजदीप हाल में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों से



प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहें।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नवीन सत्र कैसे प्रारंभ होने पर नवीन प्रवेश स्कूल चलो अभियान जो मुख्यमंत्री के महत्वपूर्ण बिंदुओं में से एक है पर समीक्षा किया गया। जिसमें सभी को निर्देशित किया गया कि वह अपने विद्यालय के 5 किलोमीटर की परिधि में जितने भी विद्यालय माध्यमिक स्तर के हैं उनके प्रधानाचार्यों से मुलाकात करते हुए कक्षा 8 पास छात्र–छात्राओं का नामांकन करना सुनिश्चित करें। बैठक में राजकीय सिटी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रागिनी श्रीवास्तव, राजकीय हाईस्कूल खानपुर के प्रधानाध्यापक उमेश मिश्रा एवं जिला समन्वयक कुश कुमार राय एवं अन्य ने बैठक में प्रतिभा किया।

# छीना-झपटी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में थाना मटौंध पुलिस द्वारा झपटमारी के मामले में तीन अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरतार कर लिया




गया। गौरतलब हो कि 06 अप्रैल को प्रयागराज के रहने वाले .ष्ण माधव के साथ 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीछे से आकर मोटसाइकिल द्वारा झपटमारी कर मोबाइल फोन ले जाने की सूचना थाना मटौंध में दी गई। जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजी.त करते हुए घटना के सफल अनावरण हेतु टीमों का लगाया गया था। इसी क्रम में बुधवार को थाना मटौंध पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों को जखौरा अण्डर पास से गिरतार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कि गई। पकड़े गए अभियुक्त राहुल पुत्र देवीदीन उम्र निवासी कस्बा कबरई थाना कबरई जनपद महोबा, रंजीत पुत्र दशरथ निवासी ग्राम लिलवाही थाना कबरई जनपद महोबा, कल्लू उर्फ परशुराम पुत्र शिवराम निवासी वीला थाना कबरई जनपद महोबा के विरुद्ध मु0अ0सं0 68/26 धारा 304(2), 3(5), 317(2) बीएनएस थाना मटौंध में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में दीपेन्द्र सिंह प्र0नि0 थाना मटौंध, उ0नि0 देवेन्द्र कुमार, उ0नि0 विकास नेहरा, कां0 अच्छेलाल शामिल रहे।

# लेखपाल ने फरियादी को बेरहमी से पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। सदर तहसील में लेखपाल और उनके गुर्गों ने एक फरियादी की बेरहमी से पिटाई की, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। निपुण मिश्रा नामक व्यक्ति के साथ हुई इस घटना में लेखपाल और उनके गुर्गों ने अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया है।

